महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

दूरभाष / Phone : +91-7152-241661

डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी

Dr. Prakash Narayan Tripathi
सहायक क्षेत्रीय निदेशक / Assistant Regional Director
अकादमिक विभाग / Department of Academic

पत्रांक : 04A/प्र.प्र./NTA-CUET-UG/प्रवेश प्रक्रिया/2025-26/3842
दिनांक : 3 जुलाई, 2026

बी.ए.-बी.एड. (आईटीईपी) एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश सूचना सत्र : 2026 - 27

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा संचालित **बी.ए.-बी.एड. (आईटीईपी) एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम सत्र : 2026-27** में प्रवेश के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों को, जो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (CUET-UG-2026) में सम्मिलित हुए थे, उन्हें सूचित किया जाता है कि प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल https://mgahvcuet.samarth.edu.in/ncte/index.php पर अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रक्रिया **दिनांक : 03 जुलाई, 2026 से प्रारंभ हो चुकी है।** पंजीकरण की अंतिम तिथि **10 जुलाई, 2026 रात्रि 11.59 बजे तक निर्धारित है।** आवेदन हेतु समस्त आवेदकों से पंजीयन शुल्क रू.200/ निर्धारित है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचनीय है कि संबंधित विभाग द्वारा दिनांक 13.07. 2026 को यूजीसी/एनसीटीई के नियमानुसार मेधा के आधार पर आरक्षण को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिशः काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जायेगी तथा दिनांक : **20. 07. 2026** तक अभ्यर्थी की व्यक्तिशः उपस्थिति में मूल दस्तावेजों की जॉच/व्यक्तिशः काउंसलिंग के बाद निर्धारित शुल्क जमा कर सकेंगे।

अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://hindivishwa.org तथा **विवरणिका सत्र : 2026-27** देख सकते हैं, साथ ही टोल फ्री नंबर 18002332141 पर कार्यालयीन दिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

यह सूचना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत जारी की जा रही है।

3/7/26

(डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी)

प्रति (ई-मेल द्वारा):

उपर्युक्तानुसार समस्त संबंधित।

प्रतिलिपि (ईमेल द्वारा):

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अकादमिक निदेशक/निदेशक/प्रभारी/केंद्र प्रभारी
3. कुलसचिव कार्यालय
4. वित्त विभाग/ परीक्षा विभाग
5. प्रभारी: लीला, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु
7. रक्षित पत्रावली।